# इन्वेस्ट यूपी ने बनाई जर्मनी डेस्क, डिफेंस, एयरोस्पेस व मेडिकल टेक्नोलॉजी पर फोकस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश गंतव्य बनाने के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी ने कंट्री डेस्क पहल के अंतर्गत जर्मनी डेस्क स्थापित की है। इसके तहत इन्वेस्ट यूपी ने जर्मनी के प्रमुख राज्य बावारिया की आधिकारिक निवेश एजेंसी इन्वेस्ट इन बावारिया के साथ एक वर्चुअल बैठक की। इसकी अध्यक्षता इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने की।

इन्वेस्ट यूपी और कंट्री डेस्क के अधिकारी और टीम उपस्थित रही। बावारिया की ओर से जॉन कोटवाल और श्रीकांत एस ने क्षेत्र के गतिशील निवेश पारिस्थितिकी तंत्र

## जर्मन कंपनियों को करेंगे आकर्षित

की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बावरिया यूरोपीय संघ की सातवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यहां 130 से अधिक भारतीय कंपनियां सक्रिय हैं।

संवाद का मुख्य फोकस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की तैयारियों के संदर्भ में एक सहयोगी ढांचा विकसित करना रहा। साझेदारी के लिए जिन प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया गया उनमें ऑटोमोटिव व मोबिलिटी, डिफेंस व एयरोस्पेस, मेडिकल टेक्नोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी शामिल हैं। ब्यूरो